# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी ।

## प्रेस नोट

**दिनांक- 28.06.2025**

**विषय:- थाना चौबेपुर में पंजीकृत दुष्कर्म के प्रकरण में नामजद दोनों आरोपितों (1- बाल अपचारी, 2 - नानक पाल ) की गिरफ्तारी के संबंध में ।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 422/2025 धारा 70(1) बीएनएस थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित नामजद वांछित 02 नफर अभियुक्तगण **1.** नानक पाल उर्फ मोहित कुमार पाल पुत्र महेन्द्र पाल निवासी ग्राम फुलपुर थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी व **2.** एक नफर बाल अपचारी को आज दिनांक 28.06.2025 को समय करीब 18.25 बजे गिरफ्तार किया गया । उक्त सम्बन्ध में थाना चौबेपुर में पीड़िता का पुलिस के समक्ष 180 बीएनएसएस के तहत बयान लिया गया, तत्काल मेडिकल परीक्षण कराया गया तथा 183 बीएनएसएस का बयान सक्षम न्यायालय के समक्ष कराया जायेगा ।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 26.06.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी द्वारा थाना चौबेपुर में प्रार्थना पत्र दिया गया था कि 6 माह गर्भवती उसकी पुत्री घर के बाहर शौच करने गयी थी जिसे अभियुक्तगण द्वारा दुष्कर्म करने की घटना कारित करने का उल्लेख किया गया है, जिसके आधार पर थाना चौबेपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना थाना प्रभारी उ0नि0 रविकांत मलिक द्वारा सम्पादित की जा रही है। घटना अतिसंवेदनशील होने के कारण पीड़िता का मेडिकल उपचार व विवेचना का निष्पक्ष निस्तारण अधिकारियों के निरंतर पर्यवेक्षण में किया जा रहा है ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1. नानक पाल उर्फ मोहित कुमार पाल पुत्र महेन्द्र पाल निवासी ग्राम फुलपुर थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी, उम्र करीब 20 वर्ष ।
2. बाल अपचारी उम्र करीब 17 वर्ष ।

**आपराधिक इतिहास-**

मु0अ0सं0 422/2025 धारा 70(1) बीएनएस थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1. थानाध्यक्ष रविकान्त मलिक थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अंकुर कुशवाहा चौकी प्रभारी चांदपुर थाना चौबेपुर वाराणसी।
3. हे0का0 सत्य प्रकाश तिवारी थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 अवधेश कुमार थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 अजीत कुमार यादव थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।



**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**